अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2016
## (बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बालक का विभाजन कितनी अवस्थाओं में किया जाता है? **(1)**

(A) 4 (B) 3
(C) 5 (D) 6

**2.** बालको को पूर्वजो से प्राप्त गुण कहा जाता है **(1)**

(A) आनुवंशिकता (B) परिपक्वता
(C) वातावरण (D) आत्मसातन

**3.** बुद्धि के समूह कारक सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया? **(1)**

(A) हिल्माई (B) बेबर
(C) थर्सटन (D) थाम्पसन

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा परीक्षण बुद्धि का मापन करता है? **(1)**

(A) सी. ए. टी. (B) टी. ए. टी.
(C) एम. ए. टी. (D) भाटिया बैटरी परीक्षण

**5.** जीन पियाजे द्वारा बालक के संज्ञानात्मक विकास का वर्णन कितनी अवस्थाओं में किया गया है? **(1)**

(A) 5 (B) 4
(C) 3 (D) 6

**6.** वह मानवीय योग्यता जिसके आधार पर वह किसी नवीन रचना या विचार को प्रस्तुत करता है, कहलाती है- **(1)**

(A) अभिसरण (B) कल्पना
(C) सृजनात्मकता (D) तर्क

**7.** व्यक्ति का सम्पूर्ण व्यवहार प्रतिमान जो उसकी समस्त विशेषताओं के योग को व्यक्त करता है, कहलाता है- **(1)**

(A) व्यक्तित्व (B) रुचि
(C) प्रेरणा (D) कल्पना

**8.** टी. ए. टी व्यक्तित्व परीक्षण का निर्माण किसने किया है? **(1)**

(A) सी कोई एवं बेकमैन (B) थर्स्टन
(C) हरमन रोर्शाक (D) मरे एवं मॉर्गन

**9.** अनुभव एवं प्रशिक्षण के कारण व्यवहार में होने वाला परिवर्तन कहलाता है **(1)**

(A) प्रेरणा (B) प्रत्यक्षीकरण
(C) अधिगम (D) संवेदना

**10.** बालक के कोषों एवं पेशियों में समय के साथ-साथ होने वाला परिवर्तन जिसके कारण वह एक निश्चित समय पर कोई कार्य कर सकता है, कहलाता है - **(1)**

(A) परिपक्वता (B) अभिसरण

(C) समंजन (D) प्रत्यक्षण

**11.** थार्नडाइक ने सीखने से सम्बन्धित मुख्य कितने सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है? **(1)**

(A) 5 (B) 3

(C) 4 (D) 6

**12.** पावलॉव ने अपने सीखने के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसके ऊपर प्रयोग करके किया है? **(1)**

(A) बिल्ली (B) बनमानुष

(C) कुत्ता (D) मेढक

**13.** थार्नडाइक ने अपने सीखने के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसके ऊपर प्रयोग करके किया? **(1)**

(A) कुत्ता (B) तोता

(C) मनुष्य (D) बिल्ली

**14.** कोहलर के सीखने के सिद्धान्त को किस नाम से जाना जाता है? **(1)**

(A) पूर्ण आकृति / समग्र सिद्धान्त (B) पुनर्बलन सिद्धान्त

(C) उद्दीपन सिद्धान्त (D) क्रियात्मक सिद्धान्त

**15.** व्यक्ति की वह मनोस्थिति जिसके द्वारा वह विभिन्न परिस्थितियों में सामाजिक और व्यक्तिगत समायोजन करने में समर्थ होता है कहलाता है - **(1)**

(A) समंजन (B) मानसिक स्वास्थ्य

(C) आत्मसातन (D) प्रकीर्णन

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** बाल गाल विकास के अन्तर्गत बाल्यावस्था की अवधि कौन-सी मानी जाती है? **(1)**

**17.** अशिक्षित व्यक्ति बालकों के बुद्धि का मापन किस परीक्षण से करते हैं ? **(1)**

**18.** बालक के संवेगात्मक विकास से सम्बन्धित विकासात्मक सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ? **(1)**

**19.** जीन पियाजे द्वारा प्रतिपादित बालक के संज्ञानात्मक विकास से सम्बन्धित तीसरी अवस्था क्या कहलाती है? **(1)**

**20.** क्रन्दन, बलबलाना, हावभाव, वाक्य निर्माण बालक में किस आयाम के विकास की अवस्थायें होती हैं ? **(1)**

**21.** व्यक्तित्व का वह प्रकार जिसके अन्तर्गत व्यक्ति दूसरे लोगों / समाज के अन्य लोगों की प्रगति के लिये सोचकर कार्य करता है, क्या कहलाता है ? **(1)**

**22.** सी. ए. टी. का निर्माण किसने किया है ? **(1)**

**23.** स्टैनले हाल ने किशोरावस्था को कौन-सी अवस्था कहा है? **(1)**

**24.** वह शक्ति जिसके कारण व्यक्ति किसी कार्य को करने या ना करने के लिए बाध्य हो जाता है, क्या कहलाती है? **(1)**

**25.** सीखने से सम्बन्धित प्रभाव के नियम का प्रतिपादन किसने किया है ? **(1)**

**26.** कोहलर ने अपने सीखने के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसके ऊपर प्रयोग करके किया ? **(1)**

**27.** पावलोव द्वारा अपने प्रयोग में पहले घण्टी बजती थी, फिर भोजन दिया जाता था। यह प्रक्रिया कई बार होने पर अन्त में क्या पाया गया ? **(1)**

**28.** नियमित दिनचर्या, सबके साथ समायोजन, आत्मविश्वास, संवेगात्मक परिपक्वता और आत्म मूल्यांकन की क्षमता किसका प्रमुख लक्षण है? **(1)**

**29.** जीन पियाज ने बालक के संज्ञानात्मक विकास में किन दो प्रक्रियाओं का वर्णन किया है ? **(1)**

**30.** पूर्व ज्ञान, विषय वस्तु, शारीरिक स्वास्थ्य व परिपक्वता, मानसिक स्वास्थ्य व परिपक्वता, अधिगम की इच्छा व प्रेरणा आदि किसे प्रभावित करने वाले कारक माने जाते हैं ? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** बुद्धिलब्धि से आप क्या समझते हैं ? **(2)**

**32.** अन्तर्मुखी व्यक्तित्व से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**33.** जीन पियाजे द्वारा प्रतिपादित विकास की अवस्था के अन्तर्गत पूर्व संक्रिया की अवस्था से आपका क्या तात्पर्य है ? **(2)**

**34.** वैयक्तिक भिन्नता से क्या तात्पर्य है ? **(2)**

**35.** कल्पना से आप क्या समझते हैं ? **(2)**

**36.** अनुकरण द्वारा सीखना से आपका क्या तात्पर्य है? **(2)**

**37.** सीखने के तत्परता के नियम से आपका क्या आशय है ? **(2)**

**38.** मानसिक थकान से आप क्या समझते हैं ? **(2)**

**39.** कोहलर के अन्तर्दृष्टि सिद्धान्त से आपका क्या तात्पर्य है ? **(2)**

**40.** सीखने में परिपक्वता का योगदान बताइये। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/2016

2. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

3. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin

YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN